प्रेस विज्ञप्ति

इरेडा ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया

इरेडा ने 26% महिला कार्यबल प्रतिनिधित्व के साथ लैंगिक विविधता के बारे में अग्रणी स्थान हासिल किया



नई दिल्ली, 8 मार्च 2024

भारतीय अक्षय ऊर्जा विकास संस्था लिमिटेड (इरेडा) ने आज नई दिल्ली में इंडिया हैबिटेट सेंटर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया, जिसमें नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में महिलाओं के अमूल्य योगदान को मान्यता दी गई और उन्हें बाधाओं को तोड़ने और अपनी पूरी क्षमता प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्क्वाड्रन लीडर, डॉ. तूलिका रानी,साथ ही इरेडा के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, श्री प्रदीप कुमार दास और इरेडा के निदेशक (वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती उपस्थित थे। श्री दास ने संगठन के समग्र विकास के लिए , विशेष रूप से हाल के वर्षों में शानदार विकास में उनके महत्वपूर्ण योगदान के लिए महिला कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने सुशासन, कॉर्पोरेट मूल्यों और समग्र प्रदर्शन को बढ़ाने के लिए लैंगिक विविधता के लाभों पर प्रकाश डालते हुए, कार्यबल में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका पर जोर दिया।

श्री प्रदीप कुमार दास ने इस बात पर प्रकाश डाला कि वर्ष 2022-23 के लिए सार्वजनिक उद्यम सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों (सीपीएसई) में महिला कर्मचारियों का औसत 8.88% है, वहीं इरेडा में महिला कर्मचारियों के प्रभावशाली 26.30% प्रतिनिधित्व के साथ अग्रणी है। उल्लेखनीय रूप से, इरेडा में 46 महिला कर्मचारियों में से 45 प्रबंधकीय और कार्यपालक पदों पर कार्यरत हैं, जोकि नेतृत्व की भूमिकाओं में महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए संगठन के समर्पण को दर्शाता है। उन्होंने नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की तीव्र प्रगति के लिए महिला भागीदारी में बढ़ोतरी के महत्व को रेखांकित किया।

इरेडा के सीएमडी ने कहा कि , "इरेडा में, हम न केवल लैंगिक समानता के प्रोमोटर्स हैं; बल्कि हम इसके सूत्रधार भी हैं।" उन्होंने आगे कहा कि, "हम अपनी महिला कर्मचारियों की समग्र कल्याण को प्राथमिकता देते हैं और उन्हें समर्थन देने के लिए विभिन्न पहलों को लागू किया है, जिसमें स्वास्थ्य देखभाल आवश्यकताओं और फिटनेस सुविधाओं के लिए महिला डॉक्टरों तक पहुंच शामिल

है। इसके अलावा, हम समर्पित महिला सुरक्षा कर्मियों के साथ एक सुरक्षित कार्य वातावरण सुनिश्चित करते हैं।"

स्क्वाड्रन लीडर, डॉ. तूलिका रानी ने इरेडा कर्मचारियों के साथ अपनी प्रेरक जीवन यात्रा साझा की, जिसमें उन्होंने वर्ष 2012 के दौरान माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली उत्तर प्रदेश की पहली महिला और एशिया के सबसे ऊंचे ज्वालामुखी, माउंट दमावंद पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला जैसी अपनी अभूतपूर्व उपलब्धियों के बारे में वर्णन किया। उन्होंने प्रतिभागियों को सकारात्मक दृष्टिकोण बनाए रखने और असफलताओं के बावजूद सफलता के लिए प्रयास करने के महत्व पर जोर देते हुए चुनौतियों का सामना करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने लैंगिक विविधता के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के लिए इरेडा की सराहना की और 26% से अधिक महिला कार्यबल के साथ सीपीएसई के बीच इसके नेतृत्व का उल्लेख किया।

अपने संबोधन में,इरेडा के निदेशक(वित्त), डॉ. बिजय कुमार मोहंती ने भी संगठन के विकास में उनके योगदान के लिए महिला कर्मचारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

इस दौरान कई महिला अधिकारियों ने अपनी निजी जीवन यात्राएं दर्शकों के साथ साझा कीं। उन्होंने इरेडा में किसी भी प्रकार के लिंग भेद-भाव का सामना किए बिना नेतृत्व की भूमिका निभाने के लिए प्राप्त अवसरों के बारे में प्रकाश डाला। यह इरेडा के सभी कर्मचारियों द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस समारोह का लगातार दूसरा वर्ष है।